दिनांक : 13.02.2026 समय : 07.10PM

**आकाशवाणी मध्यप्रदेश से प्रस्तुत हैं प्रादेशिक समाचार**

**मुख्य समाचार:**

- प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने दिल्ली में सेवा तीर्थ परिसर और कर्तव्य भवन का उद्घाटन किया ।
- मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने आज दमोह में नोहलेश्वर महोत्सव और बेटियों के सामूहिक विवाह समारोह में शिरकत की ।
- मुख्यमंत्री डॉ. यादव कल खंडवा में लाड़ली बहना योजना की 33वीं किश्त महिलाओं के खातों में ट्रांसफर करेंगे ।
- उज्जैन बायपास रेलवे लाइन को मिली मंजूरी, 8.6 किलोमीटर लंबी नई लाइन से सिंहस्थ 2028 में श्रद्धालुओं की यात्रा आसान होगी ।

सेवा तीर्थ परिसर

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने आज दिल्ली में सेवा तीर्थ परिसर और कर्तव्य भवन-1 और 2 का उद्घाटन किया। इन नए परिसरों में प्रधानमंत्री कार्यालय और कई बड़े मंत्रालय अब एक ही जगह से काम करेंगे। सेवा तीर्थ से शाम में प्रधानमंत्री ने देशवासियों को संबोधित भी किया।

प्रधानमंत्री असम

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी कल असम के दौरे पर रहेंगे। वे गुवाहाटी में 5 हजार 450 करोड़ रुपये से अधिक की परियोजनाओं का उद्घाटन करेंगे। डिब्रूगढ़ में प्रधानमंत्री लड़ाकू और परिवहन विमानों का हवाई प्रदर्शन भी देखेंगे।

नोहलेश्वर महोत्सव

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने आज दमोह जिले के नोहटा में आयोजित दस दिवसीय नोहलेश्वर महोत्सव का शुभारंभ किया. इस मौके पर डॉ. यादव ने कृषि यंत्रों और उत्पादों पर आधारित प्रदर्शनी का अवलोकन भी किया. इसके बाद मुख्यमंत्री ने बागेश्वर धाम पहुंचे. यहां उन्होंने गरीब परिवारों की 301 बेटियों के लिए आयोजित सामूहिक विवाह समारोह में शिरकत की।

शिवराज सिंह चौहान

केंद्रीय कृषि मंत्री शिवराज सिंह चौहान ने आज राज्यसभा में बताया कि सरकार किसानों को उनकी उत्पादन लागत से 50 फीसदी ज्यादा न्यूनतम समर्थन मूल्य दे रही है. उन्होंने कहा कि दालों में भी आत्मनिर्भरता की दिशा में काम चल रहा है।

लाड़ली बहना किश्त

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव कल खंडवा जिले के पंधाना में आयोजित राज्य स्तरीय कार्यक्रम में लाड़ली बहना योजना की 33वीं किश्त जारी करेंगे। वे सिंगल क्लिक के माध्यम से लाभार्थी महिलाओं के खातों में फरवरी माह की राशि सीधे ट्रांसफर करेंगे। इस कार्यक्रम को लेकर प्रशासन ने तैयारियां तेज कर दी हैं।

फर्जी खबर

सूचना और प्रसारण राज्य मंत्री डॉ. एल. मुरुगन ने फर्जी खबरों और गलत सूचनाओं को समाज के लिए बड़ी बुराई बताया। नई दिल्ली में मीडिया कर्मियों के लिए शुरू किए गए 'कर्मयोग इन एक्शन' कार्यक्रम में उन्होंने कहा कि किसी भी खबर को आगे बढ़ाने से पहले उसकी पुष्टि करना जरूरी है। मंत्री ने यह भी कहा कि लोग प्रामाणिक खबरों के लिए आकाशवाणी और दूरदर्शन पर भरोसा करते हैं।

उज्जैन बायपास रेल

मुख्य मंत्री डॉ. मोहन यादव ने उज्जैन बायपास रेलवे लाइन को मंजूरी मिलने पर रेल मंत्री अश्विनी वैष्णव का धन्यवाद किया है। यह नई 8.60 किलोमीटर लंबी लाइन नईखेड़ी और चिंतामन गणेश स्टेशन को जोड़ेगी। खासकर सिंहस्थ 2028 के दौरान श्रद्धालुओं को आने-जाने में इससे बड़ी सुविधा मिलेगी। इस परियोजना पर करीब 189 करोड़ रुपये खर्च किए जाएंगे।

स्पेशल ट्रेनें

महाशिवरात्रि के मौके पर उज्जैन और सीहोर क्षेत्र में यात्रियों की बढ़ती भीड़ को देखते हुए पश्चिम रेलवे रतलाम मंडल ने उज्जैन-भोपाल के बीच तीन जोड़ी मेला स्पेशल ट्रेनें चलाने का निर्णय लिया है। ये ट्रेनें आज से 22 फरवरी तक संचालित होंगी और उज्जैन, सीहोर, शुजालपुर, कालापीपल समेत कई स्टेशनों पर ठहराव देंगी।

भूमिपूजन

भोपाल में राज्यमंत्री कृष्णा गौर ने साढ़े 5 करोड़ रुपये से ज्यादा की लागत वाली दो सड़कों का भूमिपूजन किया। साकेत नगर में करीब 2 करोड़ 29 लाख रुपये से 1.7 किलोमीटर लंबी सड़क बनेगी। वहीं बायपास से संपदा कॉलोनी तक 3 करोड़ 36 लाख रुपये की लागत से 1.3 किलोमीटर सड़क तैयार की जाएगी।

गेहूँ उपार्जन पंजीयन

राज्य के खाद्य मंत्री गोविंद सिंह राजपूत ने बताया कि रबी 2026-27 में समर्थन मूल्य पर गेहूँ उपार्जन के लिए अब तक 20 हजार 98 किसानों ने पंजीयन कराया है। उन्होंने किसानों से 7 मार्च तक पंजीयन कराने की अपील की है। इस साल गेहूँ का न्यूनतम समर्थन मूल्य 2 हजार 585 रुपए प्रति क्विंटल तय किया गया है। पंजीयन के लिए राज्य में 3 हजार 186 सुविधा केन्द्र बनाए गए हैं और किसानों को मोबाइल एसएमएस व ग्राम पंचायतों के सूचना पटल के जरिए भी जानकारी दी जा रही है।

नमो ड्रोन योजना

खंडवा जिले में महिलाएं तकनीक के जरिए आत्मनिर्भर बन रही हैं। प्रधानमंत्री नमो ड्रोन योजना के तहत जिले के चार विकासखंड की स्वयं सहायता समूह की महिलाओं को ड्रोन संचालन का प्रशिक्षण दिया गया। 15 दिन के प्रशिक्षण के बाद उन्हें ड्रोन मिले और अब ये महिलाएं फसलों पर यूरिया और कीटनाशक का छिड़काव कर प्रतिमाह 25 से 35 हजार रुपये कमा रही हैं।

क्रिकेट

टी-ट्वेंटी क्रिकेट विश्व कप में चेन्नई के एमए चिदंबरम स्टेडियम में आज यूएसए और नीदरलैंड्स की टीमें आमने-सामने हैं। नीदरलैंड्स ने टॉस जीतकर पहले गेंदबाजी करने का फैसला किया है। वहीं थोड़ी देर पहले UAE ने कनाडा को 5 विकेट से हराकर ग्रुप डी में पहली जीत हासिल दर्ज की। इससे पहले जिम्बाब्वे ने 2021 की चैंपियन ऑस्ट्रेलिया को 23 रन से हराया।

**समाचार संक्षेप में ....**

- राज्य निर्वाचन आयोग अपना 32वां स्थापना दिवस 16 फरवरी को मनाएगा। पूर्व मुख्य निर्वाचन आयुक्त ओ.पी. रावत मुख्य अतिथि होंगे और “वन नेशन-वन इलेक्शन” में स्थानीय चुनाव की भूमिका पर बात करेंगे।

- समाधान योजना का दूसरा और अंतिम चरण 28 फरवरी तक चलेगा। इस दौरान तीन माह से अधिक बकाया वाले उपभोक्ता एकमुश्त राशि जमा कर 50 से 90 प्रतिशत तक सरचार्ज में छूट ले सकते हैं।
- दतिया जिले के ग्राम खटोला में नाबालिग बालिका की शादी के बाद बारात को रास्ते में रोककर लड़की को सुरक्षित वन स्टॉप सेंटर पहुंचाया गया।
- सागर जिले में खेजरा धाम में महाकालेश्वर मंदिर की तर्ज पर भव्य मंदिर बन रहा है। यहां शिवलिंग और गर्भगृह की संरचना उज्जैन महाकाल मंदिर जैसी ही बनाई गई है।
- जबलपुर में सेंट्रल बैंक ऑफ इंडिया बैंक द्वारा सांस्कृतिक थिएटर, भंवरताल गार्डन में राष्ट्रव्यापी मेगा कृषि ऋण आउटरीच अभियान का आयोजन किया गया।
- **मंदसौर में** महिला बाल विकास विभाग की जिला बाल संरक्षण इकाई द्वारा 'मिशन वात्सल्य' के तहत एक दिवसीय कार्यशाला का आयोजन किया गया।
- **अशोकनगर में** अपना घर वृद्ध आश्रम में आज स्वस्थ्य शिविर का आयोजन किया गया।।
- नर्मदापुरम जिले का प्रसिद्ध तिलक सिंदूर मेला 14 से 16 फरवरी तक आयोजित किया जाएगा।
- शहडोल जिले में दक्षिण वन मंडल की टीम ने पैंगोलिन तस्करी के मामले में 6 आरोपियों को गिरफ्तार किया है।
- रायसेन के सांची मार्ग स्थित जिला अस्पताल में आज राष्ट्रीय महिला दिवस के अवसर पर विशेष स्वास्थ्य शिविर आयोजित किया गया।
- खरगोन जिले के एक निजी स्कूल के 23 छात्र-छात्राओं को शिक्षा विभाग की पहल पर बोर्ड परीक्षा में बैठने की अनुमति दे दी गई।
- छिंदवाड़ा जिले के चौरई विधानसभा क्षेत्र में कल स्कूल बस पलटने से 10 छात्र घायल हुए हैं, एक की हालत गंभीर बताई जा रही है।
- विदिशा जिले में कल बारातियों से भरी एक टवेरा कार अनियंत्रित होकर 30 फीट गहरे सूखे तालाब में गिर गई। हादसे में तीन लोगों की मौके पर ही मौत हो गई, जबकि सात लोग घायल हो गए हैं।